## संपादकीय

# कर्ज का ये बोझ क्यों?

चूकि यह ऋण संकट ज्यादातर गरीब और विकासशील देशों पर है, इसलिए इस पर अपेक्षित चर्चा नहीं होती। दुनिया के सूचना तंत्र पर धनी पश्चिमी देशों का नियंत्रण है, जिसकी वजह से ये देश विश्व समस्याओं को अपने नजरिए पेश करने में हमेशा सफल रहते हैं।

विकासशील दुनिया इस वक्त कर्ज के कैसे बोझ तले दबी हुई है, इसकी एक चिंताजनक तस्वीर अब सामने आई है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट से जाहिर हुआ है कि दुनिया की आधी आबादी उन देशों में रहती हैं, जो स्वास्थ्य देखभाल या शिक्षा पर खर्च करने के बजाय कर्ज की किश्तें चुकाने पर अपना अधिक बजट खर्च करने के लिए मजबूर हैं। संयुक्त राष्ट्र वैश्विक संकट कार्रवाई समूह ने 'कर्ज की दुनिया' नाम की यह रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक 52 देश फिलहाल 'गंभीर कर्ज संकट' से गुजर रहे हैं। यह विकासशील दुनिया का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा है। पिछले वर्ष विभिन्न देशों की सरकारों पर कर्ज 9.2 हजार अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो एक रिकॉर्ड है। इसका 30 फीसदी भार विकासशील देशों पर है। चूकि यह ऋण संकट ज्यादातर गरीब और विकासशील देशों पर है, इसलिए इस पर अपेक्षित चर्चा नहीं होती। दुनिया के सूचना तंत्र पर धनी पश्चिमी देशों का नियंत्रण है, जिसकी वजह से ये देश विश्व समस्याओं को अपने नजरिए पेश करने में हमेशा सफल रहते हैं। चूकि ज्यादातर कर्ज पश्चिमी संस्थाओं ने ही दे रखा है, इसलिए इस मुद्दे पर ज्यादा बहस नहीं होती- संभवत: इसलिए भी कि अगर बहस हुई, तो ऋण माफी की मांग जोर पकड़ सकती है।

ताजा रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ने तैयार की है। उसमें कहा गया है कि कोविड महामारी, दैनिक खर्चों में भारी बढ़ोतरी और यूक्रेन में युद्ध ने 2020 के बाद 16.5 करोड़ लोगों को गरीबी में धकेल दिया। अनुमान है कि 2023 के अंत तक 7.5 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी में धकेल दिए जाएंगे। इसका अर्थ है कि वे प्रतिदिन 2.15 डॉलर से भी कम खर्च पर जिंदगी गुजारने के लिए मजबूर हो जाएंगे। अन्य 9 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने को मजबूर हो जाएंगे, जिनके पास रोजाना खर्च करने के लिए मात्र 3.65 डॉलर तक उपलब्ध होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सबसे गरीब लोग हाल की घटनाओं से सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। उनकी आय आज भी 2023 में कोरोना काल के पहले वाले स्तर से नीचे है।

# पुरुष इमर्जिंग एशिया कप 2023 : भारत ए का सामना पाकिस्तान ए से आज



**नई दिल्ली ।** बेहद रोमांचक एसीसी मेन्स इमर्जिंग एशिया कप 2023 में भारत ए का मुकाबला पाकिस्तान ए से होगा, जो एक रोमांचक मुकाबला होने का वादा करता है और क्रिकेट में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता की लौ को फिर से जगाएगा।

इंडिया ए का नेतृत्व होनहार युवाओं के एक समूह द्वारा किया जाएगा जो पहले ही घरेलू मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन कर चुके हैं। यश ढुल, ध्रुव जुरेल, साई सुदर्शन और अभिषेक शर्मा जैसे खिलाड़ी अपने शानदार आईपीएल सीजन के बाद एक स्थायी छाप छोड़ना चाहेंगे और सीनियर राष्ट्रीय टीम में अपना रास्ता बनाना चाहेंगे।

इस मैच में उनका प्रदर्शन उनकी संभावनाएं निर्धारित कर सकता है और भारत की समृद्ध क्रिकेट विरासत में योगदान दे सकता है।

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता खेल में सबसे तीव्र और ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता में से एक होने के कारण, यह मैच विशेष महत्व रखता है। यह न केवल उभरती प्रतिभाओं को चमकने का मौका देता है, बल्कि महानतम प्रतिद्वंद्विता के शानदार इतिहास में एक और अध्याय जोड़ने का भी अवसर देता है।

भारत ए और पाकिस्तान ए के बीच मुकाबला सिर्फ व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे में नहीं है बल्कि इस प्रतिद्वंद्विता के ऐतिहासिक महत्व के बारे में भी है। दोनों टीमें इस साल दो प्रमुख टूर्नामेंटों, अर्थात् एशिया कप 2023 और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में एक-दूसरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। इसलिए, यह मैच भविष्य में होने वाले उच्च दांव वाले मुकाबलों के अग्रदूत के रूप में कार्य करता है और प्रशंसकों को पता है कि क्या होने वाला है।

दो क्रिकेट शक्तियों के बीच यह टकराव प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है क्योंकि वे दोनों देशों की अगली पीढ़ी की प्रतिभाओं को आमने-सामने होते देखेंगे।

भारत भर के प्रशंसक 19 जुलाई, दोपहर 2 बजे से विशेष रूप से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर सभी लाइव एक्शन देख सकते हैं।

# प्रो लीग 2023-2024 : न्यूजीलैंड की जगह लेगा यूएसए

**लुसाने ।** न्यूजीलैंड की महिला टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग के अगले सीजन में भाग नहीं लेगी। यह हॉकी न्यूज़ीलैंड द्वारा खेल के मैदान पर रेलीगेशन से बचने के बावजूद प्रतियोगिता से हटने के निर्णय के बाद आया है।

हालांकि, न्यूजीलैंड की हॉकी की शासी निकाय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि टीम 2024 के बाद हॉकी प्रो लीग में फिर से शामिल होने की कोशिश करेगी। इसे हासिल करने के लिए, ब्लैक स्टिक्स को हॉकी नेशंस कप जीतने की आवश्यकता होगी, जो हॉकी प्रो लीग के लिए योग्यता पथ है।

न्यूजीलैंड के हटने के परिणामस्वरूप, संयुक्त राज्य अमेरिका, जो हाल ही में संपन्न सीजन में अंतिम स्थान पर रहा था, आगामी सीजन के लिए भाग लेने वाले देशों में अपना स्थान बनाए रखेगा।

हॉकी न्यूजीलैंड के सीईओ एंथनी क्रमी ने कहा, लीग में भाग लेने वाले संस्थापक देश के रूप में, यह हमारे लिए एक कठिन निर्णय था, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए सही निर्णय है कि हम अपने कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम ओलंपिक खेल के लिए अर्हता प्राप्त करने और तैयारी करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हैं। कोविड के बाद के माहौल में यात्रा की लागत दोगुनी हो गई है, और व्यस्त 2024 में सीजन 5 के आयोजनों के समय के साथ यात्रा की मात्रा का मतलब है कि ओलंपिक के लिए चलीफाई करने और पर्याप्त रूप से तैयारी करने के दौरान प्रो लीग में भाग लेना संभव नहीं है। यूएसए फील्ड हॉकी के कार्यकारी निदेशक साइमन होस्किन्स ने कहा: हमें न्यूजीलैंड की महिलाओं के हटने के बारे में जानकर दुख हुआ। यूएसए के लिए, हम एफआईएच हॉकी प्रो लीग में बने रहने के अवसर के लिए उत्साहित हैं। हमारी युवा और बेहतर टीम इस पर नजर रखेगी ताकि हम सीजन 5 में अपनी छाप छोड़ें।

एफआईएच शीघ्र ही 2023-2024 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के लिए अंतिम मैच कार्यक्रम की घोषणा करेगा।

# शुरुआती 5 वर्षों में कम रिटर्न देने वाली एसआईपी ने 10 वर्षों में दिया बेहतर रिटर्न

**नई दिल्ली ।** ऐतिहासिक आंकड़ों से पता चलता है कि व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) ने शुरुआती 5 वर्षों में तुलनात्मक रूप से कम रिटर्न दिया है, लेकिन व्हाइटओक कैपिटल म्यूचुअल फंड द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, औसतन 10 वर्षों के आधार पर बेहतर रिटर्न दिया है।

एक परिसंपत्ति वर्ग के रूप में इच्टिी अपेक्षाकृत बहुत अस्थिर है और लंबी अवधि के एसआईपी की प्रारंभिक निवेश यात्रा में कम रिटर्न की अवधि हो सकती है।

अतीत में इचक्विी एक अस्थिर परिसंपत्ति वर्ग साबित हुई है। लेकिन, अध्ययन से पता चलता है कि जैसे-जैसे निवेशक अपने निवेश का दायरा बढ़ाते हैं, अस्थिरता कम हो जाती है।

एक औसत लार्ज कैप स्टॉक आम तौर पर औसत स्मॉल और मिड कैप स्टॉक की तुलना में कम अस्थिर होता है और पोर्टफोलियो को स्थिरता प्रदान करता है।

# अधर में लटके कॉमनवेल्थ गेम्स, विक्टोरिया ने आयोजन करने से किया इनकार, कहा- 34 हजार करोड़ खर्च नहीं कर सकते

**नई दिल्ली ।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का आयोजन ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में होना है। लेकिन अब वहां की सरकार ने गेम्स के आयोजन से ही इनकार कर दिया है। विक्टोरिया के पीएम डैन एंड्रयूज़ ने ऐलान किया कि वो कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी से नाम वापस ले रहे हैं। इस कारण कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन को बड़ा झटका लगा है। उसने कहा है कि हम जल्दी ही इसका हल खोजेंगे। इससे पहले फेडरेशन को आयोजक खोजने में परेशानी उठानी पड़ी थी और अप्रैल 2022 में विक्टोरिया को इसकी मेजबानी सौंपी गई थी। विक्टोरिया के प्रमुख डेनियल एंड्रूज ने बताया कि पहले गेम्स का बजट लगभग 15 हजार करोड़ रुपये था, जो अब बढक़र लगभग 34 हजार करोड़ रुपये हो गया है।

डेनियल एंड्रूज ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं कई कठिन परिस्थितियों से गुजरा हूं, लेकिन यह अलग तरह की परेशानी है। साफतौर पर हम गेम्स के आयोजन के लिए 34 हजार करोड़ रुपये नहीं खर्च करने जा रहे। हम स्कूल और हॉस्पिटल के पैसे कम करके आयोजन नहीं कर सकते। हमने इस संबंध में कॉमनवेल्थ गेम्स फेडरेशन को जानकारी दे दी है। 2026 में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स की बात करें, तो इसमें 5 हजार से अधिक एथलीट शामिल होंगे। 20 से अधिक इवेंट होने हैं। पिछले गेम्स 2022 में बर्मिंघम में आयोजित किए गए थे, तब भारत मेडल टैली में चौथे नंबर पर रहा था। उसने 22 गोल्ड, 16 सिल्वर और 23 सिल्वर सहित 61 मेडल जीते थे। वहीं ऑस्ट्रेलिया 67 गोल्ड सहित 179 मेडल के साथ टॉप पर रहा था।

ऑस्ट्रेलिया की बात करें तो वहां इससे पहले 4 बार कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किया जा चुका है। सबसे पहले यहां 1938 में सिडनी में कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन किया गया था। इसके अलावा 1962 में पर्थ में, 1982 में ब्रिसबेन और 2018 में गोल्ड कोस्ट में गेम्स हुए।

# शेयर बाजार ने रचा इतिहास, निफ्टी ऑलटाइम हाई पर- सेंसेक्स 67,000 के पास

**मुंबई ।** सप्ताह के दूसरे दिन यानि मंगलवार को शेयर बाजार में हरियाली देखने को मिली। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही ऑलटाइम हाई पर खुले हैं। शेयर बाजार की आज की ओपनिंग में बीएसई का 30 शेयरों वाला इंडेक्स सेंसेक्स 239.03 अंक यानी 0.36 फीसदी की तेजी के साथ 66,828.96 के लेवल पर खुला है जो इसका ऐतिहासिक ऊंचा स्तर है। इसके अलावा एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स निफ्टी 76.05 अंक यानी 0.39 फीसदी की बढ़त के साथ 19,787.50 के लेवल पर खुलने पर कामयाब रहा है। इसका भी ये नया रिकॉर्ड हाई है।

सेंसेक्स के 30 में से 18 शेयरों में उछाल के साथ कारोबार देखा जा रहा है और 12 शेयरों में गिरावट दर्ज की जा रही है। इसके अलावा एनएसई के निफ्टी के 50 शेयरों में से 28 शेयरों में तेजी देखी जा रही है और 21 शेयरों में गिरावट देखी जा रही है। एक शेयर बिना किसी बदलाव के कारोबार कर रहा है।

बाजार में आईटी, मीडिया, मेटल, पीएसयू बैंक शेयरों में गिरावट देखी जा रही है और बाकी सेक्टोरल इंडेक्स तेजी पर कारोबार कर रहे हैं। सबसे ज्यादा 0.80 फीसदी की तेज प्राइवेट बैंकों में देखी जा रही है और बैंक निफ्टी 0.78 फीसदी उछला है। फाइनेंशियल सर्विसेज 0.67 फीसदी की उछाल पर है और 0.45 फीसदी की तेजी रियल्टी शेयरों में देखी जा रही है।



सेंसेक्स के जिन शेयरों में तेजी है उनमें इंडसइंड बैक टॉप गेनर है और करीब एक फीसदी उछला है। इनके साथ-साथ एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, एचयूएल, पावरग्रिड, मारुति सुजुकी, एशियन पेंट्स, नेस्ले, कोटक बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, एनटीपीसी, आईटीसी, एचसीएल टेक और बजाज फिनसर्व के शेयरों में मजबूती के साथ कारोबार देखा जा रहा है।

आज स्टॉक मार्केट की प्री-ओपनिंग में बीएसई का सेंसेक्स 211.76 अंक यानी 0.32 फीसदी की उछाल के साथ 66801.69 के लेवल पर कारोबार कर रहा था। प्री-ओपनिंग में सेंसेक्स ने रिकॉर्ड हाई लेवल दिखाए थे। इसके अलावा एनएसई का निफ्टी 57.75 अंक यान 0.29 फीसदी की उछाल के साथ 19769.20 के लेवल पर कारोबार कर रहा था। इसमें भी ऐतिहासिक तेजी देखी जा रही थी।

# सरकार ने 31 जुलाई तक रिटर्न फाइल करने की अपील की, नहीं बढ़ेगी समय सीमा



**नई दिल्ली ।** सरकार ने करदाताओं से अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए 31 जुलाई 2023 से पहले अपना आयकर रिटर्न दाखिल करने का आग्रह किया है। उसने कहा है कि समय सीमा के विस्तार की कोई संभावना नहीं है।

वित्त मंत्रालय के सूत्रों ने संकेत दिया है कि करदाताओं को जल्द से जल्द अपना रिटर्न दाखिल करना चाहिए क्योंकि पिछले साल के विपरीत 31 जुलाई की समय सीमा बढऩे की इस बार कोई संभावना नहीं है।

करदाताओं को आकलन वर्ष 2023-24 के तहत वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रिटर्न दाखिल करना होगा।

आयकर विभाग के मुताबिक, 11 जुलाई तक दो करोड़ से ज्यादा रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं, जबकि पिछले साल 20 जुलाई तक दो करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए थे।

आयकर विभाग ने 11 जुलाई को ट्वीट किया था, हमारे करदाताओं ने हमें पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में इस वर्ष नौ दिन पहले दो करोड़ के आंकड़े तक पहुंचने में मदद की है, और हम इस प्रयास की सराहना करते हैं। हम उन लोगों से आग्रह करते हैं जिन्होंने आंकलन वर्ष 2023-24 के लिए आईटीआर दाखिल नहीं किया है, वे अंतिम समय की भीड़ से बचने के लिए जल्द से जल्द अपना आईटीआर भरें।ज्ज्

पिछले साल कुल 5.8 करोड़ रिटर्न दाखिल किए गए थे और सरकार को उम्मीद है कि इस साल यह संख्या काफी अधिक हो सकती है। अगर 31 जुलाई 2023 की समय सीमा के बाद आयकर रिटर्न दाखिल किया जाता है, तो करदाता को पांच हजार रुपये का जुर्माना देना होगा।

# वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में कियारा आडवाणी का प्रवेश

**❒ वॉर-2 में आएंगी नजर**



कियारा आडवाणी आज भारत की सबसे बड़ी अभिनेत्रियों में से एक हैं और अफवाहें हैं कि वह प्रसिद्ध वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में प्रवेश कर रही हैं! कियारा को जाहिर तौर पर आदित्य चोपड़ा ने अपनी टेंटपोल स्पाई थ्रिलर वॉर 2 के लिए चुना है जिसमें ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर भी हैं! फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं, जिन्हें हिंदी सिनेमा में बड़ी ब्लॉकबस्टर देने के लिए जाना जाता है।

इस फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने खुलासा किया, जहां तक वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स और वॉर 2 का विचार किया जाता है, कियारा आडवाणी टीम के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स एक था टाइगर, टाइगर ज़िंदा है, वॉर और पठान जैसी सर्वकालिक ब्लॉकबस्टर फिल्मों की एक लीग है और इस फ्रैंचाइज़ी से आने वाली प्रत्येक फिल्म से उम्मीदें आसमान छू रही हैं। उन सुपरस्टार्स को देखें जिन्होंने इस ब्रह्मांड की शोभा बढ़ाई है। यह भारत में सबसे प्रतिष्ठित फिल्म बैनर है जिसमें देश के सबसे बड़े और बेहतरीन सुपरस्टार हैं। कियारा इस समय शीर्ष पर हैं और आदित्य चोपड़ा उसे वॉर 2 के अपने बैनर के साथ जोड़ रहे है, जो इस बात का संकेत है।

# सत्यप्रेम की कथा को मिला छुट्टी का फायदा



बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की सत्यप्रेम की कथा बाकी फिल्मों को टक्कर देती नजर आ रही है। फिल्म अपनी रिलीज के तीसरे हफ्ते में टिकट खिडक़ी पर टिकी हुई है तो 72 हूरें और नीयत का 2 हफ्ते में ही पत्ता साफ हो गया है। इसके अलावा हॉलीवुड फिल्म इम्पॉसिबल- डेड रेकनिंग पार्ट वन शानदार प्रदर्शन कर रही है। आइए जानते हैं रविवार को किस फिल्म को छुट्टी का फायदा मिला है।

समीर विद्वांस की सत्यप्रेम की कथा में कार्तिक और कियारा की जोड़ी दूसरी बार साथ में नजर आई है। फिल्म ने शुरुआती दिनों में बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था तो बाद में इसकी कमाई घटती-बढ़ती जा रही थी। हालांकि, अब तीसरे हफ्ते में एक बार फिर फिल्म की कमाई रफ्तार पकड़ती नजर आ रही है।

# बिस्तर पर ही घंटों चलाते हैं मोबाइल तो सावधान

आज के दौर में फोन जैसे शरीर का एक जरूरी हिस्सा बन गया है. हर कोई हर जगह इसे अपने साथ लेकर जाने लगा है. यहां तक कि लोग वॉशरूम भी जाते हैं तो भी बिना फोन के नहीं जाते. खाते वक्त, सोते वक्त, नहाते वक्त, घूमते वक्त हर समय फोन लोगों की जरूरत बन गया है. यही वजह है कि अधिकतर लोग मेंटल हेल्थ को लेकर अक्सर परेशान रहते हैं. बहुत से लोग सुबह उठते ही सबसे पहला काम मोबाइल चलाने का करते हैं. कुछ तो ऐसे भी होते हैं जो सुबह उठकर बिस्तर पर ही घंटों तक मोबाइल चलाते हैं. अगर आप भी यही काम करते हैं तो अब समय आ गया है कि अपनी इस आदत को सुधार लें. क्योंकि यह आपकी हेल्थ के लिए बिल्कुल सही नहीं है.

आजकल लोग अपने फोन को या तो अपने बगल में या सिरहाने पर रखकर सोते हैं. इससे काफी नुकसान होता है. क्योंकि मोबाइल से रेडिएशन निकलती है, जो कैंसर सहित कई खतरनाक बीमारियों का कारण बनती है. आइए जानते हैं कि क्यों आपको सुबह उठकर सबसे पहले फोन चलाने की गलती नहीं करनी चाहिए.

बढ़ता है तनाव: बहुत से लोग 8-9 घंटे की नींद लेने के बाद भी सुबह तनाव महसूस करते हैं और सोचते हैं कि उनके साथ ऐसा क्यों हो रहा है. दरअसल इसके पीछे की वजह आपका फोन है. जब आप सुबह फोन खोलकर देखते हैं तो उसमें कई चीजें ऐसी होती हैं, जो आपको चिंता या तनाव में डाल देती हैं. इसकी वजह से नेगेटिविटी बढऩे लगती है, जिससे आपको स्ट्रेस फील होता है.

प्रोडक्टिविटी में आती है कमी: आपने कई बार यह महूसस किया होगा कि तरोताजा होने के बावजूद आपका काम में मन नहीं लगता. आप एक्टिव महसूस नहीं करते और तो और प्रोडक्टिविटी में भी कमी आने लगती है. यह कहीं न कहीं सुबह उठकर फोन चलाने की वजह से होता है. क्योंकि आधी एनर्जी आपकी उसमें चली जाती है.

मेंटल हेल्थ पर पड़ता है बुरा असर: सुबह उठकर जब आप फोन खोलते हैं तो कई बार आपको कुछ नेगेटिव और नफरती भरे मैसेज पढऩे को मिल जाते हैं, जिसकी वजह से आपका मूड अपसेट हो सकता है और मेंटल हेल्थ पर बुरा असर पड़ता है.

सिरदर्द: यह समस्या बहुत से लोगों में देखने को मिलती है. सुबह उठकर घंटों तक फोन चलाने से सिर में दर्द और भारीपन की दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है.

# शब्द सामर्थ्य- 129

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | ■ | 3 | | |
| | ■ | | ■ | 4 | 5 | | ■ | ■ |
| 6 | 7 | | 8 | ■ | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | 10 | | | ■ | 11 | 12 | 13 | |
| ■ | 14 | | ■ | 15 | | | | |
| 16 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| 17 | | | 18 | | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | | ■ | 23 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 128 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# सू-दोकू- 129

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.128 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## आज का राशिफल

**मेष:** आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं, आपका काम सफल होगा। आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा।

**वृष :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपसे प्रभावित होंगे। आप अपने मेहनत के दम पर धन लाभ के नए रास्ते खोलेंगे। आपको जीवन में आगे बढऩे के लिए नई योजनाएं बनानी चाहिए।

**मिथुन :** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आप ऑफिस में दूसरों के सामने अपना मत रखने में सफल होंगे। छात्रों के लिए आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति आज आपको सतर्क रहने की जरूरत है।

**कर्क :** आज आपके कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव आएंगे। शाम को आप किसी फ्रेंड के बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनाएंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। माता-पिता की जिम्मेदारियां कम करने का प्रयास करेंगे।

**सिंह :** आपको किस्मत का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ लंच के लिए किसी रेस्टोरेंट में जाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के मान-सम्मान में वृद्धि होगी। पार्टी में उनको कोई उच्च पद भी मिलेगी।

**कन्या :** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। आर्थिक पक्ष आज पहले से मजबूत रहेगा। कार्यों में आज माता-पिता का सहयोग प्राप्त होगा। आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। कार्यों की प्रशंसा करेंगे।

**तुला :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहेंगे। सीनियर्स से आज आपको कुछ नया सीखने को मिल सकता है। आपके करियर में अचानक बदलाव आएगा, जिससे आपको धन लाभ होगा।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। अपने दोस्तों के साथ ख़ुशी के पल बिताएंगे। इस राशि की महिलाओं के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

**धनु :** आज आपको घर की कुछ नई जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी। आप किसी दोस्त के घर डिनर के लिए जाएंगे। व्यापारी वर्ग को आज फायदा होगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

**मकर :** आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। ऑफिस में भी काम के प्रति माहौल अच्छा रहेगा, जिससे आप रिलैक्स फील करेंगे। इस राशि के विवाहित आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जाएंगे।

**कुंभ :** आज आपका दिन लकी रहेगा। आप सकारात्मक विचारों के साथ काम को आसानी से पूरा करेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आप भविष्य के लिए योजनाएं बनाएंगे।

**मीन :** आज आपका दिन ताजगी भरा रहेगा। आपका मन पूजा-पाठ में अधिक लगेगा। परिवार के साथ मंदिर में दर्शन के लिए जाएंगे। इस राशि के इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है।